भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4582

28 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए नियत

"सरकारी क्षेत्र के उपक्रमो के विक्रेता"

4582. श्री अनुभव मोहंती:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयूज) के नाम क्या हैं और उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) उन कार्यों का ब्यौरा क्या है, जिनके लिए प्रत्येक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत विक्रेताओं को सूचीबद्ध किया गया है;

(ग) उक्त पैनलबद्ध विक्रेताओं में से स्थानीय विक्रेताओं की संख्या कितनी है;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान विक्रेताओं को कितने कार्य दिए गए हैं; और

(ङ) उन विक्रेताओं का ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है, जिनके बिल लंबित हैं और उनके बिल की राशि कितनी है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) : भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों की सूची अनुलग्नक में है।

(ख) से (घ) : भारत सरकार की नीति और अनुदेशों के अनुसार, भारी उद्योग मंत्रालय के अधीनस्थ सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर पंजीकृत विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से उपलब्ध वस्तुओं और सेवाओं की खरीद का अधिदेश दिया गया है।

(ङ): सूक्ष्म, लघु और उदयम मध्यम के समाधान पोर्टल के मुताबिक़, 28.02.2023 की स्थिति के अनुसार भारी उद्योग मंत्रालय के अधीनस्थ सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का विवादरहित लंबित बकाया निम्नानुसार है:

i. हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड - 17.89 करोड़ रुपये

ii. सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड - 1.80 करोड़ रुपये

iii. एचएमटी लिमिटेड - 0.04 करोड़ रुपये

अनुलग्नक

प्रचालनरत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम	
क्र. सं.	**केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम का नाम**
1	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड
2	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
3	ब्रेथवेट, बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन लिमिटेड
4	ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
5	सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
6	इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
7	हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड
8	एचएमटी लिमिटेड
9	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड (एचएमटी लिमिटेड की अनुषंगी)
10	एचएमटी (इंटरनेशनल) लिमिटेड (एचएमटी लिमिटेड की अनुषंगी)
11	हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड, (एचएसएल)
12	सांभर साल्ट्स लिमिटेड (एसएसएल की अनुषंगी)
13	इंस्ट्रुमेंटेशन लिमिटेड
14	नेपा लिमिटेड
15	राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड
16	रिचर्डसन एंड क्रूडास (1972) लिमिटेड

बंद होने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम

क्र. सं.	**केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम का नाम**
1	एचएमटी वॉचेज लिमिटेड (एचएमटी लिमिटेड की अनुषंगी)
2	हिंदुस्तान केबल्स लिमिटेड
3	तुगभद्रा स्टील प्लांट्स लिमिटेड
4	भारत पंप्स एंड कंप्रेसर्स लिमिटेड
5	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड

परिसमापनाधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम

क्र. सं.	**केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम का नाम**
1	रेरोल बर्न लिमिटेड
2	टायर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
3	भारत ऑप्थाल्मिक ग्लास लिमिटेड
4	वेबर्ड (इंडिया) लिमिटेड
5	माइनिंग एंड एलाइड मशीनरी कॉर्पोरेशन लिमिटेड
6	भारत प्रोसेस एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स लिमिटेड

7	भारत ब्रेक्स एंड वॉल्व्स लिमिटेड
8	साइकिल कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड
9	रिहैबिलेटेशन इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड
10	भारत यंत्र निगम लिमिटेड
11	त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड
12	भारत लेदर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
13	राष्ट्रीय औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड
14	टैनरी एंड फुटवियर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
15	हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
16	नागालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड
17	हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड
18	नेशनल बाइसिकल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
19	हिंदुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कं. लिमिटेड

स्रोत: भारी उद्योग मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्टः 2022-23